मुरादाबाद में ओडीओपी म्यूजियम व लखनऊ में बनेगा डिस्प्ले सेंटर

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव, एमएसएमई डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि मुरादाबाद में पीतल कारोबार को बढ़ावा देने के लिए यूपी ब्रासवेयर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कामकाज में तेजी लाई जाए। वहां कॉर्पोरेशन की खाली भूमि पर ओडीओपी म्यूजियम बनाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराएं और मल्टीस्टोरी बिल्डिंग बनाकर उसको एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित किया जाए। डॉ. सहगल ने ये निर्देश लोक भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में एमएसएमई विभाग से जुड़े निगमों की योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि कानपुर और लखनऊ में निगम की भूमि पर ओडीओपी डिस्प्ले सेंटर की स्थापना का प्रस्ताव पेश किया जाए। ब्यूरो

Amar-Ujala-P-4 (12/12/2020)